# बरसात का मौसम

बरसात का मौसम था। गली के बच्चे सोनू के घर खेल रहे थे। तभी बरसात भी शुरू हो गई। बच्चों ने खेलना बंद कर दिया और बरसात के पानी से खेलने लगे। उन्हें मज़ा आ रहा था। सोनू का कुत्ता भी उनके साथ खेल रहा था।



तभी सबको ‘‘टर्र-टर्र’’ की आवाज़ सुनाई दी। कुत्ता ‘‘टर्र-टर्र’’ की आवाज़ से चौंक गया। उसे दो मेंढक दिखे। वह उनको पकड़ने के लिए दौड़ा। कुत्ते को देखकर मेंढकों ने पानी में छलांग लगा दी। बच्चों को यह देखकर बड़ा मज़ा आया।


LLF Language and Learning foundation

शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें

HSSPP

Designed by www.stelladesignandprint.com